# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 25 जून, 2019 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 25 जून, 2019 को 11.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य प्रमोद कुमार जैन, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव | - | सदस्य |
| 3. | आचार्य के.के. शुक्ला, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) | - | सदस्य |
| 4. | आचार्य राजीव प्रकाश, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) | - | सदस्य |
| 5. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 6. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 7. | आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) | - | सदस्य |
| 9. | श्रीमती स्वाति बिस्वास, संयुक्त कुलसचिव (लेखा) | - | सदस्य |
| 10. | श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (राजभाषा) | - | सदस्य सचिव |

अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) एवं उपाध्यक्ष, अधिष्ठाता (छात्र कार्य), अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 मार्च, 2019 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 11 मार्च, 2019 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 मार्च, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 मार्च, 2019 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की पुष्टि करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

**क)** संस्थान में दिनांक 25.05.2019 को आयोजित राजभाषा सम्मेलन में हिंदी में कामकाज को बढ़ाने हेतु की गई अनुशंसाओं की रिपोर्ट बनाई जाय तथा संस्थान के समस्त विभागों/अनुभागों

गंगेश सत्यवीर सिंह

तथा सम्मिलित सहभागियों को इन अनुशंसाओं पर अपने विभाग/अनुभाग में कार्रवाई करने अनुरोध किया जाय।

**ख)** संस्थान की वेबसाइट (iitbhu.ac.in) पर हिंदी लिंक के अंतर्गत अंग्रेजी में शेष बचे हुए विषय-वस्तु का हिंदी रूपान्तरण यूनिकोड में तैयार कर **दिनांक 15 जुलाई, 2019 तक** वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु अध्यक्ष, वेब मैनेजमेंट एवं ई-मेल सर्विसेज समिति से अनुरोध किया जाय।

**ग)** समिति को यह अवगत कराया गया कि सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से उनके विभाग/स्कूल/अनुभाग/इकाई के कार्यालय में कम से कम एक द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) टंकण की-बोर्ड उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध किया गया था।

समिति ने निर्णय लिया कि सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से अपने कार्यालय हेतु क्रय किए गए द्विभाषी टंकण की-बोर्ड की सूचना राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का अनुरोध किया जाय एवं साथ ही संस्थान क्रय प्रकोष्ठ (IPC) से कम से कम 25 द्विभाषी टंकण की-बोर्ड क्रय कर राजभाषा प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाय जिससे कि जिन विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों में द्विभाषी हिंदी टंकण की-बोर्ड नहीं है वहाँ कम से कम एक की-बोर्ड उपलब्ध कराया जाय।

**मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार तिमाहियों की हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा।**

**क)** समिति ने यह पाया कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट में अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने का प्रतिशत काफी कम है।

अतः इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों *(जिनकी विषयवस्तु छोटी हो)* का उत्तर हिंदी में देने तथा इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाय। साथ ही इससे संबन्धित आंकड़ें प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का भी अनुरोध किया जाय।

**ख)** सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से प्रत्येक तिमाही में हिंदी पत्राचार हेतु लक्ष्य निर्धारित करने एवं हिंदी में पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने हेतु अनुरोध किया जाय। साथ ही हिंदी में अधिक से अधिक किए गए पत्राचार की रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का भी अनुरोध किया जाय।

**मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा:**

संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई जिसके उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

गंगेश सत्यवीर सिंह

क) संस्थान के समस्त विभागों/अनुभागों से समस्त सूचनाओं (बैठक, समिति का गठन, नियुक्ति इत्यादि) को द्विभाषी रूप में जारी करने तथा द्विभाषी रूप में जारी किए गए सूचनाओं के आंकड़े प्रत्येक तिमाही में राजभाषा प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का अनुरोध किया जाय।

ख) संस्थान से जारी होने वाले संस्थान संवाद पत्र (इंस्टीट्यूट न्यूज़लेटर) का मुख्य पृष्ठ द्विभाषी (हिंदी व अंग्रेजी) में तैयार करवाने एवं हिंदी में कुछ लेख प्रकाशित करवाने हेतु संपादक, संस्थान संवाद पत्र (इंस्टीट्यूट न्यूज़लेटर) से अनुरोध किया जाय।

ग) संस्थान के समस्त विभागों/स्कूलों से पीएचडी (Ph.D.) के मौखिक परीक्षा हेतु निकलने वाली सूचनाओं को हिंदी में जारी करने हेतु अनुरोध किया जाय।

घ) अधिष्ठाता (संकाय कार्य) ने अवगत कराया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी विषयों पर हिंदी में पुस्तक लेखन हेतु सहयोग राशि प्रदान की जाती है तथा विश्वविद्यालय द्वारा पुस्तक का प्रकाशन भी करवाया जाता है।

समिति ने निर्णय लिया कि संस्थान के सभी विभागों/स्कूलों/अनुभागों/इकाइयों से तकनीकी विषयों पर हिंदी में पुस्तक लेखन हेतु अनुरोध किया जाय तथा उक्त पुस्तक का प्रकाशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से करवाने हेतु संपर्क किया जाय। उक्त पुस्तक लेखन का प्रस्ताव प्राप्त होने पर संस्थान की तरफ से सहयोग राशि भी प्रदान करने का समिति ने निर्णय लिया। इसके लिए संस्थान द्वारा रुपये 50000/- से 100000/- तक की निधि स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| गंगेश | स्वाति | [signature] |
| (गंगेश शाह गोंडवाना) | (स्वाति बिस्वास) | (राजन श्रीवास्तव) |
| सदस्य सचिव | सदस्य | सदस्य |
| सत्यवीर सिंह | [signature] | [signature] 28/6/2019 |
| (सत्यवीर सिंह) | (संजय कुमार पांडेय) | (सुशांत कुमार श्रीवास्तव) |
| सदस्य | सदस्य | सदस्य |
| राजीव प्रकाश | कौशल | [signature] |
| (राजीव प्रकाश) | (के.के.शुक्ला) | (शुभेन्दु प्रकाश माथुर) |
| सदस्य | सदस्य | सदस्य |

प्रमोद कुमार जैन

(प्रमोद कुमार जैन)

अध्यक्ष